1987. M/s. Fulferd India Ltd. has paid Rs. 50 lakhs as per the direction of the court. No other company has paid any amount till date.

गैस की उपलब्धता

1278. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के किन-किन क्षेत्रों में कितनी मात्रा में गैस उपलब्ध है और इस संबंध में भविष्यगत अनुमान क्या है ;

(ख) गुजरात के वरिवार क्षेत्र से कितनी मात्रा में गैस उपलब्ध है और इसकी कुल मात्रा कितनी है ;

(ग) इसके लिए कितनी रायल्टी निर्धारित की गई है तथा राज्य सरकार ने कितनी रायल्टी की मांग की है ; और

(घ) इस पर क्या निर्णय लिया गया है, अथवा इस संबंध में क्या निर्णय लिए जाने की संभावना है तथा इसके कारण क्या हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) प्राकृतिक गैस के शेष प्राप्य भंडारों के संबंध में क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार हैं :—

1-1-87 को शेष प्राप्य भंडार
(मिलियन घन मीटर)

क्षेत्र	तटीय	अपतटीय
गुजरात	41252.6	—
राजस्थान	740.1	—
असम, त्रिपुरा और नागालैंड	97820.0	—
आंध्र प्रदेश	1606.8	581.2
तमिल नाडु	71.0	167.7
बम्बई	—	400115.4
कच्छ सौराष्ट्र	—	42.6
अण्डमान	—	81.5
	141490.5	+400988.4
	कुल जोड़	=542478.9

खोज का कार्य बहुत ही सम्भावनापूर्ण प्रकृति का होता है इस लिए भावी उपलब्धता के संक्षेप मे अनुमान लगाना कठिन है यह अन्य बातों के साथ-साथ नए स्थानों की खोज पर निर्भर करता है।

(ख) गुजरात क्षेत्र में गैस के शेष प्राप्य भंडार का 41252 मिलियन घन मीटर होना अनुमानित है।

(ग) तेल क्षेत्र (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1948 और पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 की व्यवस्थाओं के अनुसार पट्टेदार को वैल हैड वैल्यू की 10 प्रतिशत की दर से रायल्टी अदा करनी होती है। प्राकृतिक गैस पर रायल्टी बढ़ाने के लिए गुजरात सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

राज्य-वार रसोई गैस के कनैक्शन

1279. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में राज्य-वार रसोई गैस के कितने ग्राहक हैं तथा कितने ग्राहक प्रतीक्षा सूची में हैं तथा उन्हें कब तक गैस कनेक्शन दिए जाने की संभावना है;

(ख) गुजरात में ग्राहकों को गैस कनैक्शन कितने समय मे उपलब्ध होते हैं और क्या सरकार का इस संबंध मे जनता के असंतोष की जानकारी है तथा इस मामले में क्या कदम उठाए जाने का विचार है ; और

(ग) अहमदाबाद में रसोई गैस के कुल कितने ग्राहक हैं और कितने ग्राहक प्रतीक्षा सूची में हैं तथा उन्हें कब तक रसोई गैस कनैक्शन दिए जाने की संभावना है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) से (ग) 1 जनवरी 1988 को एल० पी० जी० के उपभोक्ताओं तथा प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियो का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिये)। 1 जनवरी 1988 को अहमदाबाद में लगभग 4.06 लाख एल० पी० जी० के उपभोक्ता तथा लगभग 1.06 लाख व्यक्ति प्रतीक्षा सूची में दर्ज थे। गुजरात सहित सम्पूर्ण देश में एल० पी० जी० के नए कनैक्शन तेल उद्योग द्वारा उनके वार्षिक उपभोक्ता नामांकन कार्यक्रम के अनुसार एल० पी० जी० की उपलब्धता तथा बढी हुई भरण शक्ति के आधार पर चरणबद्ध तरीके से नए कनैक्शन जारी किए जाते हैं।

विवरण

(लाखों में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एल० पी० जी० उपभोक्ता की सं० (1-1-88)	प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या
1. आन्ध्र प्रदेश	11.170	0.428
2. असम	1.841	0.191
3. अरुणाचल प्रदेश	0.041	0.013